## राजस्थान सरकार
## निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर

**क्रमांकः– एफ.2 (क) (एम–608) अलेसे–I / 1831** **दिनांकः– 22/01/24**

### आदेश

निदेशालय के आदेश संख्या 49 / 2023–24 दिनांक 20.09.2023 द्वारा श्री महेन्द्र कुमार, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–। का स्थानान्तरण कार्यालय उपायुक्त (प्रशासन), वाणिज्य कर विभाग, श्रीगंगानगर से कार्यालय उपवन संरक्षक, श्रीगंगानगर में श्री सुनील कुमार लिम्बा के स्थान पर किया गया था, जिसके अनुसरण में श्री महेन्द्र कुमार ने दिनांक 29.09.2023 को कार्यालय उपवन संरक्षक, श्रीगंगानगर में कार्यग्रहण कर लिया, किंतु श्री सुनील कुमार लिम्बा द्वारा राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर में प्रस्तुत अपील संख्या 2483 / 2023 में निदेशालय के स्थानान्तरण आदेश दिनांक 20.09.2023 पर स्थगन प्राप्त होने के कारण कार्यालय उपवन संरक्षक, श्रीगंगानगर में स्वीकृत एक सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–। के विरुद्ध दो सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–। पदस्थापित हो जाने से श्री महेन्द्र कुमार का माह दिसम्बर, 2023 के वेतन का भुगतान नहीं हुआ।

अतः श्री महेन्द्र कुमार का माह दिसम्बर, 2023 का वेतन भुगतान कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय), माध्यमिक शिक्षा, श्रीगंगानगर में सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–। के रिक्त पद से आहरित करने की स्वीकृति एतद् द्वारा प्रदान की जाती है।

(भूपेश माथुर)
निदेशक एवं पदेन संयुक्त शासन सचिव

**क्रमांकः– एफ.2 (क) (एम–608) अलेसे–I / 1831** **दिनांकः– 22/01/24**

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–**

1. जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय), माध्यमिक शिक्षा, श्रीगंगानगर।
2. उपवन संरक्षक, श्रीगंगानगर।
3. उपायुक्त (प्रशासन), वाणिज्य कर विभाग, श्रीगंगानगर।
4. कोषाधिकारी, श्रीगंगानगर।
5. श्री महेन्द्र कुमार, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–।, कार्यालय उपायुक्त (प्रशासन), वाणिज्य कर विभाग, श्रीगंगानगर।
6. उप निदेशक (एसीपी) को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
7. निजी सचिव, निदेशक महोदय।
8. निजी पत्रावली / गार्ड फाइल।

(राजेन्द्र प्रसाद रैगर)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–I)